**दिनांक–11.04.2025 को विकास आयुक्त–सह–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार की अध्यक्षता में एम्स, दरभंगा के निर्माण से संबंधित हाईब्रिड मोड में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

---

**उपस्थिति :–**

1 प्रधान सचिव, जल ससाधन विभाग, बिहार, पटना।
2 प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियत्रण विभाग, बिहार, पटना।
3 सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।
4. प्रबध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लि०, पटना।
5 अभियता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग के प्रतिनिधि
6 महाप्रबधक, (एच0एस0सी0सी0 इण्डिया लि0), नोएडा, उत्तर प्रदेश।

सर्वप्रथम सभी का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारभ की गई। भारत सरकार की निर्माण एजेसी एच0एस0सी0सी0 (इण्डिया) लि0 के प्रतिनिधि श्री सुभाष शर्मा, महाप्रबधक, प्रोजेक्ट द्वारा बताया गया कि एम्स दरभगा के लिए चिन्हित भूमि का सीमांकन कार्य पूरा हो चुका है और सीमा चिन्हित करने हेतु पिलर गाडे जा चुके है। बाउन्ड्री कार्य हेतु निविदा प्राप्त है। अगले सप्ताह तक कार्यादेश निर्गत कर दिया जायेगा और कार्य प्रारभ भी इस महीने में कर दिया जायेगा। आई०आई०टी०, नई दिल्ली द्वारा मुख्य निर्माण कार्य हेतु डी०पी०आर० तैयार करने का कार्य किया जा रहा है, जिसे अगले दो माह के अन्दर पूर्ण करने की सभावना है। साथ ही उनके द्वारा समझौता ज्ञापन के निम्नाकित बिन्दुओ पर राज्य सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यो की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

1 **जल निकासी का प्रबंधन** – प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग द्वारा एम्स, दरभगा के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि को बाढ के पानी एवं जल–जमाव से बचाने के लिए चारों ओर से रिग बांध बनाने का सुझाव दिया गया। साथ ही एम्स परिसर से पानी निकालने हेतु सम्प हाउस का निर्माण कराने का सुझाव दिया गया। इस बिदु पर एच0एस0सी0सी0 की राय प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

2 **मिट्टी भराई** :– एच0एस0सी0सी0 द्वारा चिन्हित भूमि के लो लैण्ड होने के कारण परिसर मे लगभग 5 मीटर मिट्टी भराई की आवश्यकता बताई गई। इस सबध मे राज्य सरकार द्वारा पूर्व मे ही प्रतिबद्धता व्यक्त की जा चुकी है। बैठक में एचएस0सी0सी0 के प्रतिनिधि को इससे दुबारा अवगत कराया गया एव बताया गया कि इस मद में राज्य सरकार द्वारा 309 29 करोड रुपये की राशि स्वीकृत है जिसे आवश्यकता पड़ने पर मिट्टी भराई सहित रिग बांध निर्माण हेतु उन्हें उपलब्ध कराया जा सकता है। मिट्टी भराई के लिए प्रधान सचिव, जल ससाधन विभाग द्वारा चिन्हित भूमि के निकट की नदियों की गाद का उपयोग करने हेतु अनापत्ति प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की गई।

3. **बिजली** :– प्रबध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लि० द्वारा बताया गया कि चिन्हित भूमि से 33 के0वी0 का हाईटेंशन का लाईन नहीं गुजरा है बल्कि इस भूमि से 400 के0वी0 का दरभगा–सीतामढ़ी संचरण लाईन गुजरा है। इसे हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई किये जाने की जानकारी दी गई। साथ ही 11.67 करोड़ रुपये की लागत से पावर सब–स्टेशन बनाने हेतु प्राक्कलन तैयार किये जाने की भी सूचना दी गई। निदेश दिया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राक्कलन के आधार पर आवंटन उपलब्ध कराने की कार्रवाई शीघ्र की जाय।

एम्स, दरभगा के लिए भविष्य मे ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए ग्रिड स्टेशन की स्थापना का सुझाव दिया गया, जिसपर लगभग **347** करोड रूपये के व्यय का अनुमान है। प्रबंध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लि० द्वारा राज्य सरकार और

एच०एस०सी०सी० के बीच 50–50 व्यय का वहन करने का सुझाव भी दिया गया। इस सबध मे सचिव, स्वास्थ्य विभाग दिल्ली जाकर सबधित सयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण मत्रालय, भारत सरकार को वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करेगे तथा उपर्युक्त प्रस्तावों पर समुचित विचारोपरान्त निर्णय लेने का अनुरोध करेगे।

एम्स, दरभगा के निर्माण कार्य प्रारभ होने की स्थिति मे प्रबध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लि० द्वारा अस्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

4 **सम्पर्कताः–** अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग द्वारा यह बताया गया कि विभाग द्वारा शोभन बाईपास के फोर लेन का कार्य किया जा रहा है।

5 **जलापूर्तिः–** प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियत्रण विभाग द्वारा बताया गया कि एम्स दरभगा को आवश्यकतानुसार जलापूर्ति की व्यवस्था पम्प हाउस की स्थापना कराकर की जायेगी। पम्प हाउस की स्थापना हेतु आवश्यक जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। भूमि उपलब्ध कराने हेतु एस0एस0सी0सी0 के प्रतिनिधि को आवश्यक निर्देश दिया गया।

अंत मे धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(प्रत्यय अमृत)

ज्ञापाक–1 / विविध–41 / 2022– 346(1) पटना, दिनाक– 11.04.2025

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, जल ससाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– सचिव ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना / प्रबध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लि०, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–कार्यकारी निदेशक, एम्स दरभगा को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–प्रबंध निदेशक, एच0एस0सी0सी0 इण्डिया लि0, नोएडा, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–श्रीमती अंकिता मिश्रा बुदेला, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण मत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विकास आयुक्त
–सह–
**अपर मुख्य सचिव।**